





### एक नजर में



**स्वस्थ लोग, समृद्ध समाज की दिशा में सशक्त पहल**

**बुधनी.** ट्राईडेंट ग्रुप द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत संदीपनी शासकीय विद्यालय में श्रीजना मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर ट्राईडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. 66 छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल एवं इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष चर्चा की गई. शिविर का संचालन मधुबन हॉस्पिटल की सीनियर नर्स मनीषा शर्मा द्वारा किया गया. ट्राईडेंट ग्रुप की सीएसआर टीम के प्रमुख अरविंद के नेतृत्व में सुश्री हर्षिता यादव ने सत्र में सहयोग किया.



**श्रीराम बस्ती की आयोजन समिति की हुई घोषणा**

**भैरुंदा.** नगर की श्रीराम बस्ती की एक वृहद बैठक श्रीराम मंदिर छोटा बाजार में सम्पन्न हुई. बैठक हिंदू सम्मेलन के निमित्त हुई जिसमें हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की घोषणा संघ के खंड संघचालक ब्रजमोहन गौड़ द्वारा की गई. बैठक में दिनेश मिश्रा को अध्यक्ष के रूप में चुना गया. उपाध्यक्ष श्रीमती उमा मांगीलाल खंडेलवाल एवं शक्ति सोनी को चुना गया. बस्ती में एक भव्य हिन्दू सम्मेलन के आयोजन के लिए रुपरेखा तैयार की गई वहीं आगामी 28 दिसंबर को भूमि पूजन के आयोजन की योजना बनाई गई.



**ग्राहक जागरुकता एवं सायबर अपराध पर कार्यक्रम**

**बिलकीसगंज.** सीएम राइस स्कूल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा ग्राहक जागरुकता और सायबर अपराध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रांतीय कोषाध्यक्ष दीपक बाबू श्रीवास्तव, अध्यक्ष शिवप्रसाद दलौडिया द्वारा ग्राहक पंचायत के कार्यों से अवगत कराया. जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य श्रीमती पूजा खनूजा द्वारा ग्राहक के साथ होने वाली धोखाधड़ी व सेवा में कमी पर उपभोक्ता आयोग में कैसे प्रकरण दर्ज कराए संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य पवन शर्मा मनीष राठौर,मानसिंह सेन, जितेंद्र परमार,श्रीमती उमा पातीवाल, श्रीमती उर्मिला परमार, नीरज सिंह राजपूत सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे.



**कल्याण समिति ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस**

**सीहोर.** शनिवार को राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति द्वारा मनाया गया. कार्यक्रम में समाजजनों जमनाप्रसाद मालवीय, पुरण लाल मालवीय ने संत गाडगे के जीवन से परिचय कराया. आगामी कार्य योजना और समिति गठन को लेकर भी चर्चा की गई. आगामी चार जनवरी को नव वर्ष मिलन समारोह के साथ संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति का गठन कर समाज के वरिष्ठजन और युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. इस दौरान जमना प्रसाद मालवीय, पूरन लाल मालवीय, ताराचंद मालवीय, इमरत लाल मालवीय, मुकेश बरेठा, श्याम मालवीय, राकेश मालवीय, गोविंद मालवीय, गिरधारी लाल मालवीय, हेमंत मालवीय, देवेंद्र मालवीय आकाश रजक, अमन रजक, संदीप मालवीय, अभिषेक रजक, रितिक रजक, शुभम मालवीय सहित अन्य लोग उपस्थित थे.



**30 दिवसीय पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण का समापन**

**सीहोर.** नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संचालित इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्टस्किल एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर आयोजित 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया. प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान किए गए. प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. जिला नोडल अधिकारी डॉ. गणेशलाल जैन ने कहा कि संप्रेषण कौशल एवं तकनीकी दक्षता आज के प्रतिस्पर्धी युग की अनिवार्य आवश्यकता है. डॉ. हुमा अख्तर ने बताया कि यह शिक्षक आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों के संप्रेषण कौशल, तकनीकी दक्षता तथा व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था.

# बेतरतीब खड़े वाहन सोमवार से होंगे जब्त

## नपा सीएमओ, यातायात प्रभारी ने व्यवसायिक प्रतिष्ठान के संचालकों को दी हिदायत

- कलेक्टर के निर्देश पर सक्रिय हुई नपा व यातायात पुलिस
- नगरपालिका के पास आ चुकी है टोईंग वैन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 दिसंबर. अब तक यातायात में बाधक बनने वाले दुपहिया और चारपहिया वाहन सोमवार से नोपार्किंग में मिले तो यातायात पुलिस द्वारा टोईंग वैन की मदद से इन वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा. कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद सक्रिय हुए नपा प्रशासन और यातायात पुलिस ने शनिवार को शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में संचालित हो रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को हिदायत दी गई तो सड़क के किनारे चूने की लकीर भी खींची गई है.**

सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण दिन भर जाम के हालातों से जूझते लोगों की परेशानी को देखते हुए आखिरकार कलेक्टर बालागुरू के ने नगरपालिका प्रशासन और यातायात पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं कि यातायात को बाधित करने वाले वाहनों को जब्त करते हुए उनके मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई को अंजाम दिया जाए. नतीजतन शनिवार को नपा के सीएमओ सुधीर कुमार और यातायात प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़ ने शहर के पुराने हाईवे स्थित बस स्टैंड, सैकड़ाखेड़ी मार्ग सहित गंगा आश्रम में व्यवसायिक दुकानों व क्लीनिकों के सामने खड़े वाहनों को हटाने के लिए संबंधितों को निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने सख्त लहजे में प्रतिष्ठान संचालकों से कहा कि सोमवार से अगर उनकी दुकानों के सामने वाहन खड़े मिले तो उन्हें टोईंग वाहन से उठाते हुए जब्त कर लिया जाएगा. इसके अलावा चालानी कार्रवाई को भी अंजाम दिया जाएगा.



**सीहोर.** सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए सीएमओ व यातायात प्रभारी द्वारा सख्त हिदायत दी गई.

### सड़क किनारे चूने की लकीर खींची

सीएमओ सुधीर कुमार और यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ के निर्देशन में नपा के अतिक्रमण प्रभारी तिलक खाती और अमले द्वारा सड़कों के किनारे पर चूने की लकीर खींची गई. इसके बाद दुकानदारों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को निर्देशित किया गया कि अगर उनकी दुकानों के सामने खिंची चूने की लकीर से बाहर वाहन खड़े पाए गए तो उन्हें यातायात पुलिस टोईंग वाहन से उठाकर ले जाएगी और वाहन मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जाएगी.

### चुनौतीपूर्ण साबित होगा अभियान

नपा और यातायात पुलिस भले ही सख्त लहजे में दुकानदारों को समझा चुके हों, लेकिन वास्तविकता ठीक इसके विपरित होगी, क्योंकि बस स्टैंड स्थित एक कॉम्प्लेक्स सत्ताधारी दल के नेता का है जहां सड़क घेरकर खड़े वाहनों के कारण दिन में कई बार जाम के हालात बनते हैं, लेकिन यातायात पुलिस कार्रवाई करने में खुद को असहाय महसूस करती है. इसके अलावा गंगा आश्रम में भी डॉक्टरों के क्लीनिकों के सामने खड़े वाहनों की वजह से जाम लगता है, लेकिन वहां भी राजनीतिक दखल के चलते कार्रवाई नहीं हो पाती. अब देखना है कि यातायात पुलिस और नपा द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जो कदम उठाया गया है वह कितना कारगर साबित होता है. यह सोमवार से देखने को मिलेगा.

## आशीष मिश्रा को मिली पीएचडी उपाधि



**सीहोर.** कस्बा स्थित प्राचीन राम मंदिर के व्यवस्थापक पं. सुरेश चन्द्र मिश्रा के सुपौत्र व पं. राकेश कुमार मिश्रा के सुपुत्र डॉ. आशीष मिश्रा को आरकेडीएफ विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी उपाधि प्रदान की गई. डॉ. मिश्रा ने अपना शोध कार्य एनालिसिस ऑफ 5 जी नेटवर्क रिलायबिलिटी फॉर एमरजैंसी सर्विसेज विथ रेफरेंस टू एनहांसिंग रेसिलियंस एंड रेस्पॉन्सिवनेस विषय पर पूर्ण किया है. डॉ. मिश्रा ने यह शोध कार्य अपने मार्गदर्शक डॉ. रत्नेश कुमार जैन, प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग के निर्देशन में पूर्ण किया. डॉ. मिश्रा प्राचीन श्री राम मंदिर से जुड़े प्रतिष्ठित एवं जागीरदार परिवार से संबंध रखते हैं. विश्वविद्यालय परिवार, सहकर्मियों एवं परिजनों ने उन्हें पीएचडी उपाधि प्राप्ति पर बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है.

## रेत से भरा ट्रक नहर में पलटा, चालक की मौत

**चंदला,20 दिसंबर.** चंदला थाना क्षेत्र के बछौंन चौकी अंतर्गत शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. बछौंन के आगे पेट्रोल पंप के पास रेत से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा और पलट गया. हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 95 एटी 1299 मवाई घाट से रेत भरकर छतरपुर की ओर जा रहा था. जैसे ही ट्रक बछौंन के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा, अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक नहर में जा गिरा. दुर्घटना के बाद ट्रक पूरी तरह पलट गया और उसके सभी पहिए ऊपर की ओर हो गए. उस समय ट्रक में तीन लोग सवार बताए जा रहे हैं. हादसे में चालक ओम प्रकाश कुशवाहा (25 वर्ष) निवासी ज्योराहा, पिता विंदा कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं ट्रक में सवार संदीप अहिरवार और वीरेंद्र अनुरागी को हल्की चोटें आई हैं. तीनों ही ज्योराहा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं. दुर्घटना की सूचना ट्रक के कंडक्टर द्वारा बछौंन चौकी पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से नहर में पलटे ट्रक से चालक का शव और घायलों को बाहर निकाला गया. इसके बाद शव को चंदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया.

## 9 लाख रुपए के गबन के मामले में कार्रवाई शून्य

- जांच के बाद भी सरपंच-सचिव ने निकाले 2 लाख रुपए

**लवकुशनगर, 20 दिसंबर. गौरिहार जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलटा में कथित भ्रष्टाचार और मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है.**

ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद सरपंच-सचिव पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है. हैरानी की बात यह है कि जांच के 16 दिन बाद भी बिना किसी निर्माण कार्य के 2 लाख रुपये और निकाल लिए गए. जानकारी के अनुसार 18 नवंबर को जनपद सीईओ गौरिहार की मौजूदगी में ग्राम पंचायत पलटा की जांच की गई थी. जांच टीम ने सरपंच और सचिव को दोषी मानते हुए बिना निर्माण कार्य कराए करीब 9 लाख रुपये की सरकारी राशि के गबन की पुष्टि की थी. इसके बावजूद 4 दिसंबर को समाज भवन निर्माण के नाम पर 2 लाख रुपये का आहरण कर लिया गया, जबकि मौके पर निर्माण कार्य की शुरुआत तक नहीं हुई.

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में ऐसे कम से कम पांच निर्माण कार्य हैं, जिनकी पूरी राशि निकाल ली गई लेकिन आज भी काम अधूरे पड़े हैं. अतुल तिवारी, देवीदीन प्रजापति और ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुन्ना तिवारी के मकान से पुलिया तक नाली निर्माण के लिए 3.27 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे, राशि आहरित कर ली गई लेकिन कार्य अधूरा है. इसी तरह कचरा शेड निर्माण के लिए 6 लाख रुपये, बाउंड्रीवाल निर्माण, गौठान निर्माण, मंगल भवन और प्रजापति मोहल्ले की नाली निर्माण के कार्य भी अधूरे पड़े हैं, जबकि भुगतान पूरा हो चुका है.

ग्रामीण प्रदीप तिवारी का आरोप है कि सरपंच का पुत्र भाजपा युवा मोर्चा में पदाधिकारी है, इसी कारण वह अधिकारियों पर दबाव बनाकर कार्रवाई रुकवाने की कोशिश करता है. यही वजह है कि 9 लाख से अधिक के गबन के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद में पदस्थ सहायक यंत्री मधु प्रजापति ने गबन के मामलों की 8 बार जांच की, लेकिन आज तक एक भी बार कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन नहीं भेजा. इससे दोषियों को खुला संरक्षण मिल रहा है. अमित शुक्ला, रिंकू तिवारी और अमित तिवारी ने जनपद में अराजकता और अधिकारियों की कथित कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे हितग्राही मूलक योजनाएं दम तोड़ रही हैं. इस संबंध में जिला पंचायत छतरपुर के सीईओ नम: शिवाय अरजरिया ने कहा कि ग्राम पंचायत पलटा का मामला उनके संज्ञान में है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

## दो जलाशयों को पट्टे पर देने अधिसूचना जारी

**सीहोर.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव द्वारा जिले के दो जलाशयों को पट्टे पर देने संबंधी अधिसूचना जारी की गई है. सीहोर जनपद के भगवानपुरा जलाशय तथा भैरूंदा तहसील घोघरा जलाशय को पट्टा आवंटन के लिए चयनित किया गया है. पट्टा आवंटन के लिए विभाग ने प्राथमिकता क्रम निर्धारित किया है, जिसके तहत प्रथम प्राथमिकता पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों को दी जाएगी, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के हितग्राही शामिल हैं. इसके बाद सामान्य वर्ग के स्व सहायता समूहों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता मिलेगी. तीसरा क्रम उन व्यक्तिगत अथवा सामूहिक मत्स्यजनों को दिया जाएगा जो सामान्य वर्ग के व्यक्ति विशेष हितग्राही होकर मापदंड को पूरा करते हों.

## क्षेत्र को करोड़ों की सौगात देंगे शिवराज

- विजयासन देवीधाम पर पूजन अर्चन करने पहुंचेंगे शिवराज
- कई विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन



नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 20 दिसंबर.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर प्रवास पर रहेंगे. वे सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी बिजासन के पावन दरबार में विधिवत पूजन-अर्चन एवं दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे.

बुधनी कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न लगभग 3.30 बजे केंद्रीय मंत्री सलकनपुर पहुंचकर करोड़ों की लागत से बना रहे भव्य देवीलोक का अवलोकन करेंगे. इसके पश्चात नीचे देवलोक मार्केट परिसर में आयोजित मंचीय कार्यक्रम के दौरान वे क्षेत्र को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देंगे. रेहटी से गेहूंखेड़ा-बोरदी तक 765 लाख रुपए की लागत से निर्मित 6.15 किलोमीटर लंबी सड़क तथा ग्राम भौमदा से मंजरकुई-खडली सड़क 279.94 लाख रुपये की लागत से बनी 4 किलोमीटर सड़क का लोकार्पण किया जाएगा. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 299 लाख रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित संपवेल आधारित जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पानी की टंकी का भूमिपूजन भी किया जाएगा. गौरतलब है कि केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का लंबे अंतराल के बाद सलकनपुर आगमन हो रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह और उमंग का वातावरण है। आयोजन को सफल बनाने हेतु भाजपा सलकनपुर मंडल अध्यक्ष श्री बनवीर सिंह चंद्रवंशी ने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति तथा माता-बहनों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है.

## सोलर पॉवर प्लांट की केबल ले गए चोर

- नगर में लगातार बढ़ती चोरी की वारदातों से लोग चिंतित
- केबल चोरी होने से विजली का उत्पादन हुआ प्रभावित



नवभारत न्यूज

**बुधनी 20 दिसंबर.** क्षेत्र स्थित ट्राइडेंट ग्रुप में चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है. चोरों ने सोलर पावर प्लांट की केबल काटकर ले जाते हुए बायर केबल सहित अन्य सामान पर हाथ साफ किया, जिससे प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात ग्राम महुंकला के पीछे हिस्से में स्थित सोलर पावर प्लांट के पास रखे सामान को निशाना बनाया गया. घटना की जानकारी मिलते ही ट्राइडेंट ग्रुप प्रबंधन ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस संबंध में ट्राइडेंट ग्रुप के अधिकारी नितिन मल्होत्रा ने बताया कि चोरों ने सोलर पावर प्लांट में लगी केबल को चोरी किया, जिससे सोलर पावर प्लांट बाधित हो गया और बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है. बुधनी के हाई-प्रोफाइल औद्योगिक क्षेत्र मेंचोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं. इससे पहले वर्धमान फैब्रिक्स में भी दो बड़ी चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं. पुलिस का कहना है मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. आरोपियों की तलाश करने सर्च अभियान चलाया जा रहा है. शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**धार्मिक** सिंधी कॉलोनी में जारी भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रोता

# मंदिर जाओ तो ठाकुर जी की छवि को हृदय में बसा लो : प्रज्ञा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 दिसंबर.** ठाकुर जी को जब सीता मैया ने पहली बार देखा था तो मैया ने देख कर के नेत्र बंद कर लिए थे क्योंकि राम जी की छवि मैया के हृदय में उतर जाए और यह ऐसा फोटो खिच जाता है जो कभी डिलीट नहीं होता है. ठाकुर जी के पूरे श्रृंगार का दर्शन करो ठाकुर जी के हाथ में कैसी बंसी है कैसा मुकुट है सब ध्यान में लेकर के आओ तब तक नेत्र बंद मत करो जबतक की हृदय में पूरी छबि नहीं बैठ जाए. उक्त उद्गार शनिवार को भागवत कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा विष्णू प्रिया ने श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए.

शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिन शनिवार को सुदामा श्रीकृष्ण मित्रता प्रसंग सुनाते हुए उन्होने कहा कि माता रूकमणी सहित ठाकुरजी की सोलह हजार एक सौ आठ पत्नियां है. सब सुखशांति से रहती है किन्तु संसारिक पति पत्नि हमेशा छोटी बातो पर झगड़ते है. बिना सत्संग प्रभु कृपा के रहने से रिश्ते भी टूट जाते है. रुक्मणी जी ठाकुर जी पर मोहित है. शिशुपाल ठाकुरजी को पंसद नहीं करता है. ठाकुरजी सौ बार क्षमा करते है. अंत में ठाकुरजी शिशुपाल का उद्धार कर देते है. मंदिर जाओ तो ठाकुरजी की छवि को मोबाईल में नहीं नेत्रों से लेकर हदृय में बसा लेना चाहिए क्योंकि मोबाईल का फोटो डिलीट भी हो सकता है किंतु हृदय में बसे ठाकुरजी मनमंदिर को शीतलता देते है. ठाकुर जी को जब सीता मैया ने पहली बार देखा था तो मैया ने नेत्र बंद कर लिए थे क्यों राम जी की छवि मैया के हृदय में उतर जाए और यह ऐसा फोटो खींच जाता है जो कभी डिलीट नहीं हो सकता है. इस मौके पर

### गायक शर्मा की भजन संध्या को नहीं मिली अनुमति

शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल के द्वारा भजन कार्यक्रम रखा गया था. रविवार को प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा सीहोर आने वाले थे. मंडल के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई थी. हाई पावर ध्वनि विस्तारक यंत्र और आर्केस्ट्रा के कलाकार भी शामिल होने वाले थे. नपा को भी व्यवस्थाओं के लिए अवगत कराया गया था. प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी लेकिन प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और विपरीत परिस्थितियों और ध्वनि प्रदूषण रोकथाम अधिनियम के तहत आयोजन की अनुमति प्रदान नहीं की है.



## जिला कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**सीहोर.** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस आज धरना प्रदर्शन करेगी. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी कर बताया कि भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों और उत्तरदायित्वों को समाप्त करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश कर रही है. यह बदलाव करके केंद्र सरकार जनता के काम के कानूनी अधिकार को ही समाप्त करना चाहती है जिला कांग्रेस कमेटी इस बदलाव के विरोध में आज रविवार को सुबह 11 बजे, गांधी पार्क तहसील चौराहा पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा. उन्होंने कांग्रेस के समस्त विभागों के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से इस धरना प्रदर्शन में आने की अपील की है.